

# अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन डकैत गिरफ्तार, दो फरार

## जयंत ज्वेलर्स में डकैती का छः घंटे में खुलासा, लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद, दो बाइक, पिस्टल और दो कट्टे पुलिस के कब्जे में







**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 सितम्बर। जयंत पुलिस चौकी के मस्जिद मार्केट बजरंग कॉम्प्लेक्स स्थित कंचन ज्वेलर्स में बीते दिन गुरुवार की शाम हुई हथियारबंद डकैती की वारदात का विंध्यनगर पुलिस ने करीब छः घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया है।**

पुलिस के अनुसार वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में अलग-अलग राज्यों में पुलिस टीमें भेजी गई हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, दो मोटरसाइकिल तथा वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किए हैं। इस पूरे कार्रवाई में एसपी ने खुद मोर्चा संभाला हुआ था और उनके नेतृत्व में कार्रवाई की गई, जहां चंद घंटो में ही बड़ी सफलता हासिल हुई है। इधर रीवा रेंज के आईजी गौरव राजपूत ने आज को एसपी दफ्तर में उक्त डकैती के मामले में खुलासा करते हुये मीडिया कर्मियों को बताया कि फरियादी अखिलेश कुमार वर्मा निवासी शंकर मार्केट जयंत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बजरंग कॉम्प्लेक्स स्थित कंचन ज्वेलर्स की दुकान में शाम करीब 5:50 बजे पांच अज्ञात हथियारबंद बदमाश घुस आए। बदमाशों ने पिस्टल-कट्टा लहराते हुए दुकान संचालक और कर्मचारियों को धमकाया तथा सभी के मोबाइल फोन छीन लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने हथियार तानकर जान से मारने की धमकी दी। वारदात के दौरान बदमाशों ने दुकान से करीब 300 ग्राम सोने के आभूषण, करीब 200 ग्राम चांदी के आभूषण तथा 2.50 लाख रुपये नकद लूट लिए। कर्मचारी राहुल कुमार विश्वकर्मा ने बदमाशों का विरोध करते हुए पिस्टल पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार इसी दौरान एक बदमाश ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिसमें राहुल के हाथ की हथेली में गोली लगी और वह घायल हो गया। बदमाशों ने दुकान के भीतर हवाई फायरिंग करते हुए दहशत फैलाई और दो मोटरसाइकिलों से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके साथ ही एफएसएल टीम और फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों को मौके पर बुलाकर घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने के साथ ही संभावित फरारी मार्गों पर पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया। जहां तीन आरोपी कड़ी मशक्कत के बाद घटना के चंद घंटो में ही दबोच लिये गये। इस दौरान पत्रकारवार्ता के दौरान डीईजी हेमंत सिंह चौहान, एसपी सियाज केएम, एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा भी मौजूद रहे।

### पुलिस ने आरोपियों का पीछा कर दबोचा

पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास के जिलों के साथ यूपी, छग. और झारखंड पुलिस को भी सूचना देकर अलर्ट किया। सीएसपी, एसडीओपी मोरवा और चितरंगी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य संभावित स्थानों पर भेजी गईं। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध मोटरसाइकिलों पर चार व्यक्ति वारदात के बाद क्षेत्र से बाहर जाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने दोनों मोटरसाइकिलों का पीछा किया। पुलिस के अनुसार जयंत क्षेत्र से आगे एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई, जिससे उस पर सवार दोनों व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को तत्काल पकड़ा और अंदरूनी चोट तथा पैर में फ्रैक्चर होने के कारण मौके पर औपचारिक कार्रवाई करने के बजाय उन्हें उपचार के लिए नेहरू शताब्दी जयंत अस्पताल में भर्ती कराया।

### पुलिस और बदमाशों में संक्षिप्त मुठभेड़

आईजी के मुताबिक यूपी पुलिस के माध्यम से डकैती में शामिल एक अन्य आरोपी रोशन कुमार की गिरफ्तारी की जानकारी भी प्राप्त हुई है, जो जवाबी फायरिंग में घायल हुआ है। उसके कब्जे से भी एक अपाचे बाईक के साथ लूटे गए सोने के आभूषण और नकदी बरामद होने की जानकारी सामने आई है। उपचार के लिए उसे रेनुकूट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए रेफर किया है। पुलिस ने बताया कि मामले में शेष फरार आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग राज्यों में टीमें भेजी गई हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आईजी का कहना है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर शेष लूट की सामग्री बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। वारदात में अंतरराज्यीय गिरोह की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस विभिन्न राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय कर आरोपियों की पूरी कड़ी खंगाल रही है।

### डकैतों के कब्जे से 400 ग्राम सोना-चांदी एवं 1 लाख कैश बरामद

एसपी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में लकी कुमार पासवान निवासी झारखंड और अनुराग कुमार चंद्रवंशी निवासी झारखंड शामिल हैं। तीसरे आरोपी रोशन स्वीपर निवासी सोनभद्र, उत्तरप्रदेश को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछतांछ में आरोपियों ने कंचन ज्वेलर्स में डकैती की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया तथा अपने अन्य साथियों के संबंध में भी जानकारी दी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 200 .7 ग्राम सोने के जेवरात, 205 .410 ग्राम चांदी के जेवरात और कुल 1,04,200 रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त दो अपाचे मोटरसाइकिल, घायल व्यक्ति से छीना गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन तथा घटना में इस्तेमाल एक पिस्टल और दो कट्टे भी बरामद किए गए हैं।

## एक नजर में

### राधा अष्टमी पर भक्ति सेंटर में होगा महा उत्सव



सिंगरौली। श्री राधा रानी के पावन प्राकट्य उत्सव के अवसर पर कल 19 सितंबर को भक्ति सेंटर, बैढ़न में राधा अष्टमी महा-उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन को लेकर इस्कॉन परिवार की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में सुमधुर संकीर्तन एवं कथा के साथ गौर आरती, नृसिंह आरती और महाआरती का आयोजन होगा।

### सेमरा नदी किनारे 5 दिन से लावारिश बाइक, नहीं मिला मालिक



सिंगरौली। जियावन थाना क्षेत्र में सुपेला-अकौरी मार्ग से लगे सेमरा नदी क्षेत्र में एक बाइक कई दिनों से लावारिस हालत में पड़े होने का मामला सामने आया है। पानी की टंकी के आगे पीपल के पेड़ के पास नदी के उस पार पड़ी बाइक को लेकर आसपास के ग्रामीणों में चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बाइक करीब चार से पांच दिनों से उसी स्थान पर पड़ी हुई है। बताया गया कि क्षेत्र में बकरी चराने पहुंचे शिवलाल यादव, कौशल रजक और देवनाथ गोस्वामी की नजर लावारिस हालत में पड़ी बाइक पर गई। जहां गांव के लोगों को बताया।

### बीएसी-जनशिक्षक पदों के लिए 24 को काउंसलिंग

सिंगरौली। जिला शिक्षा केन्द्र सिंगरौली द्वारा बीएसी एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 24 सितंबर को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। जिला परियोजना समन्वयक ने जिला जनसंपर्क अधिकारी को काउंसलिंग की सूचना सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने के लिए पत्र जारी किया है। कलेक्टर एवं मिशन संचालक के अनुमोदन तथा राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया जिला पंचायत सभागार में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। काउंसलिंग में जिले में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक शामिल हो सकेंगे। इसके लिए आयु 52 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कोई विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण अथवा लंबे समय से अनुपस्थिति की शिकायत प्रचलित नहीं होनी चाहिए। पात्र एवं इच्छुक शिक्षक निर्धारित तिथि और समय पर जिला पंचायत सभागार में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

### प्रशासक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह ब्रह्माकुमारी आज

सिंगरौली। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तपोवन कॉम्प्लेक्स, विंध्यनगर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी तपोवन कॉम्पलेक्स इंचार्ज शोभा ने जानकारी देते हुए कहा कि मध्य भारत की निदेशिका एवं ब्रह्माकुमारीज के प्रशासक प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजक वात्सल्य की मूरत, मास्टर रहमदिल, त्याग तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति, दृढ़ संकल्पि परम श्रद्धेय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अवधेश के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर ऊर्जाधानी सिंगरौली के तपोवन परिसर में कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत विषय पर आयोजित प्रशासक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आप सभी प्रशासकगण सादर आमंत्रित हैं। राजयोगी ब्रह्माकुमार राजू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ग्राम विकास प्रभाग, ब्रह्माकुमारीज, माउंट आबू मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### खाखन पुलिया से आवागमन बहाल



सिंगरौली। सीधी-सिंगरौली नेशनल हाईवे-39 के खाखन पुलिया का आवागमन करीब एक पखवाड़े बाद आज शाम के वक्त से आरंभ कर दिया गया है। गौरतलब है कि देवसर के समीप एनएच-39 के खाखन पुलिया बारिश के चलते ध्वस्त हो गई थी। जहां एनएचएआई ने मोर्चा संभाला और पुलिया का कार्य शुरू कर दिया, लेकिन हैवी वाहनों के आवागमन पर एनएचएआई ने रोक लगा दिया था।



# विश्वकर्मा जयंती पर हिंडालको महान में श्रद्धा से हुआ पूजन

## इकाई प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने की पूजा-अर्चना

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 18 सितम्बर। भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर हिंडालको महान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विभिन्न पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

संयंत्र के अलग-अलग विभागों में कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भगवान विश्वकर्मा का विधि-विधान से पूजन कर संयंत्र की सुरक्षा, सुचारू संचालन, समृद्धि एवं निरंतर प्रगति की कामना की। हिंडालको महान में भगवान विश्वकर्मा की स्थायी प्रतिमा स्थापित है, जिसे विश्वकर्मा चौक के नाम से जाना जाता है। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्मिक विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में ऑपरेशन हेड सुदीप्ता नायक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूजा के उपरांत उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कार्मिक प्रमुख रंधीर वत्स सहित कार्मिक विभाग से ईशान्त अग्रवाल, मनीष सिंह, विनय तिवारी, मधुरेंद्र राय, आकाश, विष्णु, रितेश, अलोक पाण्डेय सोनाली एवं मानव संसाधन विभाग के लोग मौजूद रहे। वहीं इकाई प्रमुख ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा तकनीक, निर्माण, शिल्प और सृजनात्मकता के प्रतीक हैं। विश्वकर्मा जयंती केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं, बल्कि यह हमें अपनी तकनीकी दक्षता, कार्यकुशलता और सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा भी देती है।

# जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है अभियान : शाह

## जन विश्वास अभियान एवं सेवा सेतु अभियान के तहत सामुदायिक भवन बैढ़न में शिविर आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा एवं समर्पण के कार्यकाल को नमन करते हुए जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार एवं जन विश्वास अभियान के तहत सामुदायिक भवन बैढ़न में शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल मुख्य आतिथ्य तथा ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल, वन मण्डल अधिकारी अखिल बंसल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह की उपस्थिति रही। शिविर में आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, जनसेवाओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान इसी सेवा और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित ऐसे शिविरों के माध्यम से शासन की योजनाओं और जनसेवाओं को नागरिकों के द्वार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से शिविर में उपलब्ध सेवाओं एवं योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा प्रधानमंत्री के सेवा एवं समर्पण के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाने की अपील की। वहीं कलेक्टर गौरव बैनल ने भी शिविर के बारे में बताया।

### आसमानी गाज से युवती अचेत



सिंगरौली 18 सितम्बर ( एनबीएन )। चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम मनिकपुर में दोपहर के समय आसमानी बिजली के चपेट में आने से एक युवती घायल हो गई। जहां 108 वाहन के एमटी मानसिंह एवं पायलट लवकुश द्विवेदी ने घायल युवती आरती कोल पिता लक्षिमन कोल उम्र 20 वर्ष को सीएससी चितरंगी में भर्ती कराया।

# हिन्दी सभी भाषाओं को समाहित करने वाली भाषा है



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 सितम्बर। शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैढ़न में हिन्दी दिवस के अन्तर्गत हिन्दी पखवाड़ा का 14 से 28 सितम्बर तक प्राचार्य डॉ. आरके झा की अध्यक्षता में आयोजन किया जा रह।**

कार्यक्रम के दूसरे दिन विशिष्ट वक्ता के रूप में अनुराग सिंह ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान हिन्दी की दशा पर विस्तार से बात रखते हुए कहा की हिन्दी सभी भाषाओं को समाहित करने एवं संग्रहित करने वाली भाषा है। कार्यक्रम संयोजक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। आज स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार सिंह ने तथा आभार तथागत त्रिपाठी ने व्यक्त किया। शैक्षणिक स्टाफ में डॉ. अजीत राय, डॉ. सपन राज, डॉ. सीपी वर्मा, डॉ. अरविन्द पाण्डेय, डॉ. प्रदीप द्विवेदी, डॉ. मीनाक्षी पाण्डेय, डॉ. भुवनेश्वर वर्मा, शशि नारायण शुक्ला, राकेश गौतम एवं समस्त स्टाफ तथा इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहें।

### बस की टक्कर से कार वाहन दुर्घटना ग्रस्त



सिंगरौली 18 सितम्बर ( एनबीएन )। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के बरगवां मार्ग में गड़हरा के पास बाबा कोच बस ने एक कार वाहन को टक्कर मार दिया, जहां कार वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार कार वाहन क्रमांक यूपी 64 बीए 6164 बरगवां की तरफ से आ रही थी कि बाबा बस कोच ने टक्कर मार दिया।

# शिविर में 36 पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि योजना से जुड़े




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 सितम्बर। नपानि द्वारा लोक कल्याण मेले के अंतर्गत आज सामुदायिक भवन बैढ़न में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की गई। शिविर के दौरान 36 पथ विक्रेताओं का प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक रामनिवास शाह द्वारा 10 पथ विक्रेताओं को चेक के माध्यम से योजनांतर्गत हितलाभ वितरित किया गया। इनमें अमृता सोंधीया को 15 हजार, रश्मि ताम्रकार को 50 हजार तथा सैयद हसनैन को 50 हजार सहित अन्य हितग्राहियों को भी योजना का लाभ प्रदान किया गया।

पीएम स्वनिधि योजना के नोडल अधिकारी अक्षत उपाध्याय ने बताया कि लोक कल्याण मेले का आयोजन 1 से 30 सितम्बर तक शहर के विभिन्न वार्डों में विशेष शिविर आयोजित कर किया जा रहा है। ननि द्वारा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



# भक्ति, संगीत और नृत्य से सजा रेनुसागर

**नवभारत न्यूज**

**अनपरा 18 सितम्बर। गणेश उत्सव के पावन अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर के तत्वाधान में पैराडाइज प्रेक्षागृह, रेनुसागर में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूनिट हेड हिंडालको रेनुसागर आरपी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि गणेश उत्सव हमारी धार्मिक आस्था के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का उत्सव है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता के रूप में पूजा जाता है, इसलिए उनके प्रति हमारी श्रद्धा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और नई प्रेरणा का संचार करती है। वहीं दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने कहा कि गणेश उत्सव केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है।

# मजौना में रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई

## खनिज विभाग ने वाहन जप्त कर जियावन थाने में खड़ा कराया



**नवभारत न्यूज**

**देवसर 18 सितम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई लगातार जारी है।**

इसी क्रम में आज शुक्रवार को खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में खनि निरीक्षक अशोक मिश्रा ने पुलिस बल जियावन के साथ संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने ग्राम मजौना में रेत के अवैध परिवहन में संलग्न पाए गए वाहन क्रमांक एमपी 06 ए 5957 को मौके से जप्त किया। कार्रवाई के बाद जप्त वाहन को सुरक्षार्थ पुलिस थाना जियावन परिसर में खड़ा कराया गया है। खनिज विभाग के अनुसार वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



# दिव्यांगों को मिली मोटराइज्ड साइकिल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 सितम्बर। जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए।**

शिविर में तीन दिव्यांग हितग्राहियों को उनकी आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर एवं मोटराइज्ड साइकिल प्रदान की गई। सीएमएचओ ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित दिव्यांगजनों को डीडीआरसी सेंटर बैढ़न के माध्यम से फिजियोथैरेपी एवं आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर

## हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**रिहंदनगर 18 सितम्बर। हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद में कर्मचारी वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर्मचारी विकास केंद्र में किया गया।**

प्रतियोगिता का विषय ऊर्जा क्षेत्र में राजभाषा हिन्दी की भूमिका एनटीपीसी के संदर्भ में रखा गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हिन्दी भाषा के प्रति अपनी रुचि एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों ने ऊर्जा क्षेत्र में हिन्दी की भूमिका, राजभाषा के रूप में हिन्दी के महत्व तथा एनटीपीसी में हिन्दी के प्रभावी प्रयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।